
# युद्ध क्यों होते हैं?

बॉब फुलर




# युद्ध क्यों होते हैं?

बॉब फुलर



पृथ्वी के पूरे इतिहास में युद्ध होते रहे हैं.




शांति थोड़ी ही समय के लिए रहती है. ऐसा लगता है कि लोग लड़ने के लिए हमेशा कोई नया बहाना ढूंढ निकालते हैं.





सभी देशों की सेनाएं हमेशा नवीनतम हथियार बनाने या खरीदने के लिए तरसती रहती हैं.



लेकिन हमेशा ही कोई उनसे बेहतर हथियार बना लेता है.



सैनिकों हर तरह की वर्दी पहनते हैं.



सैनिकों की कुछ वर्दियां तो बहुत फैंसी होती हैं.



युद्ध सभी प्रकार के कारणों से लड़े गए हैं.

मुझे तो यह समझ में नहीं
आता कि लोग इस तरह से
कैसे लड़ सकते हैं!

मुझे विश्वास नहीं होता है कि
वो इतने भयानक और क्रूर काम
कर सकते हैं! किसी को उन्हें
रोकना चाहिए!

उनके पास कितना अधिक है,
और हमारे पास कितना कम है!

मुझे वे लोग मुझे
बिल्कुल पसंद नहीं हैं!










आज लड़े जा रहे कुछ युद्ध तो सच में बहुत
पहले से लड़े जा रहे युद्ध हैं.
कारण वहीँ हैं, लेकिन सेनाएँ नई हैं.



एक सैनिक का काम बहुत कठिन होता होगा. किसी देश की रक्षा के लिए सैनिकों को बहुत बहादुर होना चाहिए. सैनिकों को युद्ध में जाना पड़ता है और अपने परिवार और दोस्तों से लंबे समय तक दूर रहना पड़ता है. कभी-कभी सैनिक अपने घर वापिस भी नहीं आते हैं. वे युद्ध में सैनिक मारे जाते हैं.






युद्ध बहुत डरावनी चीज हो सकती है. लेकिन हम यह जानकर सुरक्षित महसूस करते हैं कि बहुत सारे अच्छे लोग हमारी रक्षा के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं.






टेलीविजन, युद्ध को घर के बहुत करीब होने का
एहसास कराता है. लेकिन अंत में लोगों की
अच्छाई और समझदारी ही हमें बचाती है.



कोई भी युद्ध हमेशा नहीं चला है. अंत में युद्ध ख़त्म होता है और सैनिक अपने परिवारों के पास लौटते हैं, और एक देश दूसरे पर जीत का दावा करता है.



आयें हम यह आशा करें और प्रार्थना करें कि एक दिन ऐसा आए जब सैनिकों को दुबारा युद्ध में जाने की ज़रुरत ही न पड़े.





क्योंकि वो दिन ज़रूर आएगा जब युद्ध
हमेशा के लिए समाप्त हो जाएंगे.